(b) if so, the decision of the Government thereon?

THE MINISTER OF SUPPLY & REHABILITATION (SHRI R. K KHADILKAR): (a) Representations have been received from the Federation of Associations of Small Scale Industries of India for sanctioning price escalation in firm price contracts concluded by the Directorate General of Supplies and Disposals.

(b) Though contractually and legally not admissible, it has been decided to consider individual cases of genuine hardship for *ex-gratis* relief on merits

### केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना को अन्य नगरों में लागू किया जाना

466. श्री मूल चन्द डागा : क्या स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत आने वाले प्रति परिवार खर्च की तुलना मे प्रतिपूर्ति प्रणाली के अन्तर्गत आने वाला प्रति परिवार खर्च अधिक है और यदि हा, तो वर्ष 1970,71 और 1972 मे इस अन्तर की प्रतिशतता क्या थी,

(ख) क्या सरकार उन सभी नगरो मे केन्द्रीय सरकार स्वास्थ्य योजना की सुविधाऐं उपलब्ध करायेगी जहा सरकारी कर्मचारियो की सख्या पाच हजार से अधिक है; और

(ग) क्या भूतपूर्व ससद् सदस्यो को भी यह सुविधा उपलब्ध कराये जाने का विचार है, और यदि हा, तो यह योजना कब तक लागू की जायेगी ?

स्वास्थ्य और परिवार नियोजन मंत्रालय में उपमंत्री (श्री ए० के० एम० इसहाक ): (क) केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत होने वाले खर्च और केन्द्रीय सेवाऐं (चिकित्सा परिचर्या) नियमावली के अन्तर्गत होने वाले खर्च का अखिल भारतीय स्तर पर ऐसा कोई तुलनात्मक अध्ययन नही किया गया है । केवल कुछ चुनीदा शहरो के बारे मे निर्धारित अवधि के लिए एक नमूना-सवेक्षण किया गया । यह सूचना ससद् को भेज दी गई थी और पाचवी लोक सभा की प्राक्कलन समिति की 57वी रिपोर्ट (1973-74) मे प्रकाशित कर दिया गया था ।

(ख) केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना उन शहरो मे, जहा केन्द्रीय सरकारी कर्मचारियो की सख्या 7 000 है क्रमिक रूप मे लागू की जाएगी बशर्ते कि इसके लिए धन उपलब्ध हो ।

(ग) ससाधनो की कमी के कारण भूतपूर्व ससद् सदस्यो को केन्द्रीय स्वास्थ्य योजना के अन्तर्गत शामिल नही किया जा सक रहा है । फिर भी यदि वे चाहे तो वे उन खास खास औषधालयो मे आम जनता की तरह इस योजना मे शामिल हो सकते है जहा इसकी सुविधा उपलब्ध है ।

### चीन द्वारा सुदूर मार करने वाले प्रक्षेपणास्त्रो का परीक्षण

467. श्री तारकेश्वर पांडे :क्या रक्षा मंत्री यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या उनका ध्यान हाल ही मे प्रकाशित इस समाचार की ओर दिलाया गया है कि चीन शीघ्र ही सुदूर मार करने वाले प्रक्षेपणास्त्रो का परीक्षण करने वाला है जो भारत की सीमाओ का उल्लघन कर सकेंग तथा इसका सामना करने के लिए सरकार द्वारा क्या उपाय किये जायेंगे,

(ख) क्या हमारे रक्षा वैज्ञानिक प्रक्षेपणास्त्र बनाने की क्षमता रखते है, और

(ग) यदि हा, तो इसका कब तक परीक्षण किय जाने की सम्भावना है ?

रक्षा मंत्री (श्री स्वर्ण सिंह) : (क) सरकार ने इस आशय के समाचार देखे है। तथापि, इस बारे में कोई प्रमाणिक सूचना नही है।

(ख) और (ग) सरकार को विश्वास है कि परम्परागत हथियारो के आधार पर पर्याप्त तैयारी द्वारा हमारी सीमाओं की रक्षा सुनिश्चित की जा सकती है। सरकार की नीति अणु ऊर्जा को केवल शान्तिपूर्ण प्रयोजनाओ के लिए उपयोग करने की है। इस नीति के सन्दर्भ मे यह माना जाएगा कि यह प्रश्न कि क्या हमारे रक्षा वैज्ञानिक अणु प्रक्षेपणास्त्र बनाने की क्षमता रखते है और यदि हा, तो इसका कब तक परीक्षण किए जाने की सम्भावना है, पूर्णतया परिकल्पित है।

**Payment of Bonus to departmentally run undertakings and other Central Government Offices**

468 SHRI S. M. BANERJEE: Will the Minister of LABOUR be pleased to state:

(a) whether the demand for payment of Bonus to the employees working in the departmentally run undertakings and other Central Government Offices has not been considered favourably by the Bonus Review Committee; and

(b) if so, the reasons for the same?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF LABOUR (SHRI BALGOVIND VERMA): (a) and (b). The recommendations and views expressed in the report of the Bonus Review Committee on various aspects of bonus payments are under study.

**Night blinders caused by malnutrition in Gujarat**

469. DR. H. P. SHARMA: Will the Minister of HEALTH AND FAMILY PLANNING be pleased to state:

(a) whether incidence of night-blindness caused by malnutrition has attained alarming proportions in different drought hit areas of Gujarat;

(b) if so, the number of such cases reported from that State during the current year; and

(c) the areas affected by the disease?

THE DEPUTY MINISTER IN THE MINISTRY OF HEALTH AND FAMILY PLANNING (SHRI A. K. M ISHAQUE): (a) to (c). The requisite information is being collected from the Government of Gujarat and will be laid on the Table of Sabha in due course.

**श्रीराम रेयंस, कोटा में कार्य करने वाले कर्मचारियों को कैमिकल फैक्ट्री सम्बन्धी लाभ**

470. श्री हुकम चन्द कछवाय : क्या श्रम मंत्री 2 मार्च, 1973 के अतारांकित प्रश्न संख्या 1627 के उत्तर के सम्बन्ध मे यह बताने की कृपा करेंगे कि

(क) क्या मैसर्स दिल्ली क्लाथ एण्ड जनरल मिल्स कम्पनी लि० द्वारा उनकी शाखा श्रीराम रेयस, कोटा, राजस्थान में काम करने वाले कर्मचारियो को कैमीकल फैक्ट्री सम्बन्धी लाभ नही दिया जा रहा है,

(ख) क्या कर्मचारी अपनी इस माग के समर्थन मे, कि उन्हे कैमिकल लाभ दिये जाये, आन्दोलन कर रहे है और इसके फलस्वरूप मिल मालिको ने तालाबन्दी की घोषणा कर दी है,

(ग) क्या प्रबन्धको ने भारी संख्या मे छटनी कर दी है और क्या अनेको मजदूरों पर नाना प्रकार के झूठे मुकदमें लगाकर